**जसवंत मॉडर्न सीनियर सेकेंड्री स्कूल कक्षा - ४ (ग्रीष्मकालीन अवकाश कार्य)  सेट - अ**

**१. नीचे दी गई भाषाओं की लिपियों के नाम लिये।**

(क) हिंदी (ख) पंजाबी (ग) उर्दू (घ) अंग्रेजी (ड) संस्कृत (च) मराठी (छ) गुजराती (झ) जर्मन

**२. निम्नलिखित में से स्वर और व्यंजन अलग-अलग कीजिए।**

(क) मु (ख) ती (ग) पा (घ) चौ (ड) चि (च) जे (छ) ओ

**३. दिए गए वर्ण समूहों में बिंदु तथा चन्द्रबिंदु के चिह्न लगाओ।**

जगल , मुह , झडा , शख , काटा , पाव , गगा , ऊट , पूछ , पखा

**४. नीचे दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो और उनके चित्र बनाओ।**

अग्नि, आँख, आसमान, कमल, गाय, झंडा, धरती, गृह, चंद्र, पहाड़ ।

**५. निम्न वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए।**

(क) खेती करने वाला (ख) शहर में रहने वाला (ग) यात्रा करने वाला

(घ) लेख लिखने वाला (ड) जो सदा सत्य बोलता हो। (च) सबसे अच्छा

**६. १ से ५० तक गिनती अंको व शब्दों में लिखो।**

**७. हिंदी के बारह महीनों के नाम लिखो।**

**८. एक ही शब्द लिखकर खाली स्थान भरिए।**

एक _______ आदमी _______ लेकर घर जा रहा था । रास्ते में _______ आदमी के ________ गिर गए। एक दूसरे आदमी में उसके ______ उठाने में मदद की। अपने _____ पाकर ______ आदमी खुश हो गया। उसने खुश होकर आपने पास से थोडे से _______ दूसरे आदमी को दे दिए।

**९. दिए गए शब्दों के २-२ अर्थ लिखकर उनका अपने वाक्यों में प्रयोग की जिए।**

(क) हार (ख) समय (ग) गुरु (घ) पत्र (ड) कर (च) कृष्ण

**१०. किसी मनपसंद कहानी को अपने शब्दों में लिखो और उसमें आए संज्ञा शब्दों को ढूंढकर अलग लिखो।**

**११. मन के भोले-भाले बादल कविता की दस पंक्तियाँ लिखो। और इस कविता में बादलों को जिन-भिन नामों से पुकारा गया हो उनका अलग-अलग चित्र बनाओ।**

**१२. अपने आस-पास दिखने वाले पेड़ों को देखकर, उनके विषय में पता करो और उनके ऊपर पाँच वाक्य लिखो।**

**१३. आप बीरबल का कोई एक किस्सा ढूंढकर लिखो जिसमें वह अपने जवाबों से सबका मुंह बंद कर देते हैं।**

**१४. मान लो तुम्हारा कोई खिलौना घर में कहीं' खो गया है। उसे ढूंढने के लिए तुमने अपने दोस्तों को घर पर बुलाया हो अब तुम उसे ढूंढने के लिए अपने साथियों को कौन-कौन सी बातें बताओगे।**

**१५. निम्न शब्दों का अर्थ लिखकर उनका वाक्यों में प्रयोग करो।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) विहग | (ख) मनोकामना | (ग) विश्व | (घ) नभ | (ड) बुद्धिमान |
| (च) विदूषक | (छ) मुखौटा | (ज) विद्वान | (झ) अप्रसन्न | (ट) आश्चर्य |
| (ठ) प्राण | (द) कर्तव्य | (ड) सम्मान | (ण) झंडा | (त) परिवर्तन |

**१६. निम्न शब्दों के समानलय शब्द लिखो।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) झंडा | (ख) आन | (ख) राजा | (घ) नगर | (ड) हँसी |
| (च) विचार | (छ) चलना | (ज) मंगल | (झ) तम | (ट) धरती |

**१७. वर्णों को मिलाकर शब्द लिखिए।**

(क) क् + ए + ल् + आ　　(ख) र् + ऊ+ प् + अ

(ग) म् + ए + ल् + आ　　(घ) न् + औ + क् + अ + र् + ई

(च) क् + ऋ + ष् + ण् + अ　　(छ) न् + आ + न् + ई

**१८. रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए।**

क. <u>लड़का</u> साइकिल चलाता है।　ख. <u>पंडित</u> पूजा कर रहा है।　ग. <u>किताबें</u> बस्ते में रखी हैं ।

घ. पेड़ पर <u>चिड़िया</u> बैठी है।　ड़. <u>खिड़कियां</u> बंद कर दो।　च. सारे <u>दरवाजे</u> खोल दो।

**१९. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए-** नारी, पिता, बैल, सेवक, रानी, विद्वान, हाथी, गायक, माता

**जसवंत मॉडर्न सीनियर सेकेंड्री स्कूल कक्षा ४ (ग्रीष्मकालीन अवकाश कार्य) सेट - ब**

**१. अपठित गद्यांश-**

भेड़ एक ऐसा जानवर है। जो ठंडे देशों में रहता है। इन्हें सर्दी के मौसम में ठंड नहीं लगती। उसके शरीर पर बहुत पतले और घने बाल होते हैं जिसे ऊन कहते हैं। लोग ऊन के लिए भेड़ों को पालते हैं।हर छः महीने में भेड़ के शरीर से ऊन निकाला जाता है। ऊन को कैंची से काटा जाता है। जो लोग भेड़ पालते हैं वे भेड़ का सारा ऊन एक बार में काटते हैं।कारखानों द्वारा इस ऊन को खरीदा जाता है। इस ऊन से कपड़े बनते हैं। ऊन से बने कपड़े गर्म होते हैं। सर्दी के मौसम में लोग गर्म कपड़े पहनते हैं। स्वेटर और मोजे ऊन से बनाए जाते हैं। कम्बल भी ऊन से बनते हैं।

**दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

१. किन देशों में भेड़ पाई जाती हैं ?

२. भेड़ों के शरीर पर किस तरह के बाल पाए जाते हैं?

३. लोग भेड़ क्यों पालते हैं ?

४. सर्दी के मौसम में लोग कैसे कपड़े पहनते हैं?

**२. प्रातः काल की सैर करने के क्या फायदे होते हैं किन्हीं पांच फायदों के विषय में लिखो।**

**३. अपने किसी मनपसंद फल की आत्मकथा लिखो और उसका चित्र बनाओ।**

**४. पाँच ऐसे शब्द लिखिए जिनके अंत में 'क' आता है और उनके वाक्य बनाइए।**

**५. अपने घर के आस-पास के पेड़ों और पौधों की सूची बनाइए और उनके नाम हिंदी में लिखिए।**

**६. पाँच ऐसे शब्द लिखिए जिनमें 'त्र' का प्रयोग होता हो और उनके अर्थ भी बताइए।**

**७. अपने दोस्त या भाई-बहन के साथ हुई एक मजेदार घटना को 5-6 पंक्तियों में लिखिए।**

**८. अपने देश में बोले जाने वाली पांच भाषाओं के नाम लिखिए ।**

**९. ऐसे कार्यों की सूची बनाइए जो आप सुबह स्कूल जाने से पहले करते हैं।**

**१०. गर्मी के मौसम में खाए जाने वाले फलों और पेय पदार्थों की सूची बनाइए।**

**११. अपनी पसंदीदा कहानी की किताब का नाम लिखिए और उसमें से मुख्य पात्रों के नाम बताइए।**

**१२. अपने आस-पास के पशु-पक्षियों के नाम लिखिए और उनमें से एक का चित्र बनाइए।**

**१३. गर्मियों की छुट्टियों में आपने क्या-क्या किया, उसके बारे में एक अनुच्छेद लिखो।**

**१४. नीचे दिए गए चित्र को देखकर उस पर 10 वाक्य लिखिए ।**



**१५. ‘नन्हा पथिक’ कविता लिखो, उसका चित्र बनाओ और उसे याद करो।**

**१६ तिरंगे झंडे का चित्र बनाओ और उसके विषय में 10 वाक्य लिखो।**

**१७. हिंदी साहित्य व हिंदी व्याकरण की किताब व कॉपी में कराया गया सारा कार्य याद करिए।**

**१८. रोज एक पेज सुलेख रफ कॉपी में करें।**

**१९. तिरंगे के समान 10 अन्य पडोसी देशों के झंडे के चित्र बनाओ और उन देशों का नाम लिखो।**

**२०. अनुक्रमांक १ से ४ तक के बच्चे ‘नन्हा पथिक' कविता का चार्ट बनाएंगे, ५ से ८ तक के बच्चे ‘मन के भोले वाले बादल' कविता का चार्ट बनाएंगे, ९ से १२ तक के बच्चे लिंग का चार्ट बनाएंगे, १३ से १६ तक के बच्चे वचन का चार्ट बनाएंगे, १६ से १९ तक के बच्चे पर्यायवाची का चार्ट बनाएंगे और २० से २३ तक के बच्चे विलोम का चार्ट बनाएंगे।**

**नोट- सभी कार्य एक पतली सी नोटबुक बनाकर उसमें करें।**